# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.06.2026　　　　　　　　　　समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह नई दिल्ली में आज से आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद–2026 में भाग ले रहा है।
2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए नीट–यूजी पुनःपरीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी कर दिए हैं।
3. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
4. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बल्क वेस्ट जनरेटरर्स के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया है।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय, केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में आज से नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। माई भारत द्वारा 17 जून तक आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'नारी शक्ति वंदन– समावेशिता और विकसित भारत 2047 को प्रेरित करना' है। यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें जिला नोडल के तहत 757 नोडल विश्वविद्यालयों और संस्थानों में 'आपातकाल के 50 वर्ष– भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर विचार–विमर्श किया गया। दूसरे चरण राज्य दौर में सभी राज्यों की विधानसभाओं और प्रमुख सरकारी स्थलों का दौरा कर युवाओं को 'केंद्रीय बजट 2026– युवा शक्ति संचालित बजट' पर जानकारी दी गई। राष्ट्रीय दौर के अंतर्गत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधि इस समापन के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं। इस आयोजन में टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय की छात्राएं दिशा सिंह और आर संजना को द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे हैं। युवा प्रतिभागियों को सम्मानित करने

के लिए 17 जून को 'विकसित भारत युवा संसद 2026 पुरस्कार' प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्‌घाटन कल संसद के सेंट्रल हॉल, नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए नीट–यूजी पुनःपरीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी कर दिए हैं। प्रवेश पत्र एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। यह परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजकर 15 मिनट तक होगी। इस बीच, एनटीए ने विद्यार्थियों को, प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पहले, रिफंड के लिये अपने बैंक खाते का विवरण सत्यापित कर लेने का परामर्श दिया है।

<><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित MSBTE के तहत विभिन्न डिप्लोमा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान के तहत डिग्री, डिप्लोमा इंजीनियरिंग और डिग्री इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में लैटरल एंट्री के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में भी डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 20 जून तक सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच संस्थान से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, की ओर से 19 जून को शाम 5 बजे आपदा प्रबंधन भवन में 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत लाभ वितरण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित एक देशव्यापी आयोजन का हिस्सा है, जिसका उद्‌घाटन भारत के प्रधानमंत्री नई दिल्ली के विज्ञान भवन से करेंगे। इस केंद्रीय कार्यक्रम की कार्यवाही का स्थानीय कार्यक्रम के दौरान सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के लाभ वितरित किए जाएंगे। नियोक्ताओं, कर्मचारियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ योजना के उद्देश्यों और इसके लाभों के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य योजना के बारे में

जागरूकता पैदा करना है। विभाग ने नियोक्ता संघों के प्रतिनिधियों, व्यापारिक निकायों, कर्मचारियों और लाभार्थियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग तथा श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र में लगभग 55 अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करना और सीपीसीबी पोर्टल पर भारी मात्रा में कचरा पैदा करने वाले की पहचान, मैपिंग, जियो–टैगिंग और पंजीकरण पर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में अधिकारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत अनुपालन आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके अनुसार नियम 6 के तहत प्रत्येक बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से संबंधित स्थानीय निकाय के साथ पंजीकरण करना अनिवार्य है। शहरी स्थानीय निकायों को सर्वेक्षणों के माध्यम से बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान करने, इन चिन्हित कचरा उत्पादकों की जियो–टैगिंग करने और हर साल पहली अप्रैल तक पोर्टल को अपडेट करने के निर्देश दिए गए। सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के केंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पोर्टल swm.cpcb.gov.in पर पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण फाउंडेशन और अंडमान निकोबार पर्यावरण टीम ने वन्डूर ग्राम पंचायत और स्थानीय युवाओं के सहयोग से कल मिक्स्ड–जेंडर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में अंडर–12 और अंडर–19 श्रेणियों में लगभग 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक, आदित्य सांगोत्रा मुख्य अतिथि थे। अंडर–19 श्रेणी में साई की सारा एक्का लकड़ा को टॉप स्कोरर और कृष्णेंदु दास को बेस्ट प्लेयर चुना गया। टूर्नामेंट में टाइटन एफसी ने चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि ब्लू लॉक एफसी उपविजेता टीम रही।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत ऑनलाइन योग सत्र में चार लाख से अधिक लोगों द्वारा किए गए योग के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने आज वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्री सुविधा दिवस मनाने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने अंडमान निकोबार पुलिस की आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों में कुछ समय के लिए रूकावट को लेकर परामर्श जारी करने के समाचार को पहले पन्ने पर छापा है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने शहीद द्वीप में हेल्थ फोर यू द्वारा बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

**<><><><><><><>**